

नवभारत
इंदौर, रविवार,21 दिसम्बर , 2025


## एक नजर में

### पोरवाल समाज की बेटी प्रकृति घाटिया बनीं सिविल जज उपमुख्यमंत्री ने बधाई देते उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी



**टकरावद/नाहरगढ**। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिपलिया मंडी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. फकीर चंद घाटिया की पौत्री एवं श्रीमती आशा सुनील घाटिया की बेटी एवं भाजपा बूढ़ा मंडल कोषाध्यक्ष गोपाल पोरवाल टकरावद की भानेज कु. प्रकृति घाटिया ने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में 9 वी रेंक मे जज की परिक्षा उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सिविल जज पद हेतु चयनित होकर नगर एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में रैंक 9 प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। यह पिपलिया मंडी नगर के लिए गर्व का विषय है कि नगर से पहली बार किसी ने न्यायिक सेवा में सिविल जज बनकर इतिहास रचा है। उनकी इस उपलब्धि से नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है तथा सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बिटिया प्रकृति घाटिया के सिविल जज पद पर चयनित होने पर बधाई व शुभकामनाएं देते कहा कि मल्हारगढ़ विधानसभा के पिपलिया मंडी नगर की होनहार बिटिया कु. प्रकृति घाटिया ने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। आपने इस परीक्षा में वरीयता सूची में 9वा स्थान प्राप्त किया। सिविल जज पद पर आपका यह चयन विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले के विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान करेगा। मैं बिटिया प्रकृति सहित पूरे परिवार को बधाई - शुभकामनाएं देते हुए आपके उज्वल भविष्य की कामना करता हू।

### खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करती हैं : सुधीर गुप्ता

#### मनासा में हुआ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**मनासा**। उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनासा नगर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करती हैं और उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाती हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से निकले खिलाड़ी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं और समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं।विधायक माधव मारू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और एकता का भाव पनपता है यही खेलो इंडिया, बढ़ो इंडिया की असली भावना है।इससे पूर्व सांसद और विधायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर नगर में स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थितजन ने प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर, जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष आशीष सारडा, जिला महामंत्री अश्विन सोनी, नरेंद्र मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष गोपाल गुर्जर, विजय शर्मा, कैलाश पुरोहित, मुकेश डांगी, मदन रावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### पुलिस की पहल से बना सामाजिक सौहार्द, आपसी समझाइश से सुलझा विवाद



**भानपुरा**। थाना भानपुरा पुलिस की सकारात्मक एवं संवेदनशील पहल से एक संभावित आपराधिक प्रकरण दर्ज होने से पहले ही आपसी समझाइश से सुलझ गया, जिससे क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द एवं समरसता कायम हुई। पुलिस की इस कार्यवाही की समाजजनों एवं संभ्रांत नागरिकों ने सराहना की है। विगत दिवस मिड्डनखेड़ी निवासी राधेश्याम पिता तुलसीराम दर्जी ने थाना भानपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बोलियां, थाना गरोठ निवासी मांगीलाल पिता मेघराज दर्जी द्वारा मोबाइल फोन पर अश्लील गालियां दी गईं, जिसकी वॉयस रिकॉर्डिंग भी प्रस्तुत की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र डांगी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एएसआई सुनील तोमर को जांच सौंपी।जांच के दौरान आज दोनों पक्षों को थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित किया गया। निरीक्षक डांगी ने दोनों पक्षों को अलग-अलग सुनकर आवश्यक समझाइश दी। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के गिले-शिकवे दूर हुए और वे आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने पर राजी हो गए। थाना प्रभारी की पहल पर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर भविष्य में किसी प्रकार की दुश्मनी न रखने का संकल्प लिया। इस समझौते से न केवल एक आपराधिक प्रकरण दर्ज होने से बचा, बल्कि पुलिस, न्यायालय और आम नागरिकों का समय व धन भी बचा। समाजजनों ने पुलिस की इस सराहनीय पहल को समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### युवक की ट्रेन से गिरने से दर्दनाक मौत

**नीमच**। जिले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जिसमें नीमच निवासी एक युवक की ट्रेन से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवक रेलवे का कर्मचारी था। रतलाम से ड्यूटी कर नीमच लौट रहा था। इसी दौरान चल्दू के समीप चलती ट्रेन से गिर गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई है। फिलहाल युवक को नीमच जिला चिकित्सालय 108 एंबुलेंस से लाया गया है। युवक का नाम मैं युवक का नाम गजेंद्र उर्फ गोविंदा गोयल पिता नंद किशोर निवासी मूलचंद मार्ग नीमच है। युवक की उम्र 45 साल है। युवक का शव आते ही जिला अस्पताल में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल पहुंच गए।

### पंजाब नेशनल बैंक द्वारा हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता

**इंदौर**. पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय, इंदौर द्वारा बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बैंक नराकास के समस्त सदस्य बैंकों, कार्यालयों, वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की. पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बैंक से सेवानिवृत्त सत्य प्रकाश दीक्षित को निर्णायकगण के रूप में आमंत्रित किया गया. श्री दीक्षित ने कहा कि अपनी बात को ग्राहक के सामने रखने के लिए सबसे सरल और सहज भाषा हिंदी ही है. अनिल कुमार अनल, मंडल प्रमुख ने सभी प्रतिभागियों को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रेरित किया और कहा हिंदी में हम अपना कार्यालयीन कार्य आसानी से और सरलता से कर सकते है. रविन्द्र चंदेल, मुख्य प्रबंधक ने सभी स्टाफ को हिन्दी की महत्ता बताते हुए बैंकिंग कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित किया.

### सोनी ने 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' से कराया परिचित

**इंदौर**. सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया भारत के दर्शकों के लिए दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित एंटरटेनमेंट फ्रेंचाइज़ में से एक- 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' लेकर आ रहा है. वैराइटी मैगजीन द्वारा अमेरिकी टेलीविजन का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला एंटरटेनमेंट शो घोषित किया गया यह शो, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दुनिया का सबसे लोकप्रिय टीवी गेम शो दर्ज है और इसे डेटाइम एम्मी अवार्ड फॉर आउटस्टैंडिंग गेम शो से भी सम्मानित किया जा चुका है.

# लघु उद्योग भारती द्वारा एमएसएमई कार्यशाला

**उद्योगों की कार्यक्षमता, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं अनुपालन व्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर**



**देवास**। लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की कार्यक्षमता, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं अनुपालन व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की (आरएएमपी) योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन की नोडल एजेंसी ङ्ग मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा लघु उद्योग भारती, देवास के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य उद्योगों के विस्तार, उनकी कार्यप्रणाली में सुधार, नवाचार को प्रोत्साहन तथा सरकारी योजनाओं की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात लघु उद्योग भारती, देवास इकाई के अध्यक्ष सुभाष शिंदे ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों एवं उद्यमियों का अभिनंदन किया। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक रतनसिंह डावर ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न अनुदान एवं प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यमियों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समीर मूंदड़ा ने लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय स्तर के कार्यों की जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मुकाती ने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत आयोजित की गई है, जिसका उद्देश्य देशभर में एमएसएमई क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करना है। इसके पश्चात प्रांत सह सचिव प्रतीक गुप्ता ने ईएसआईसी एवं पीएफ से जुड़ी नवीन योजनाओं की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना एवं उद्योगों को वित्तीय सहूलियत उपलब्ध कराना है।

कार्यशाला में लीन प्रबंधन, ज़ेड प्रमाणन, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं जेम पोर्टल, लेबर कोड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। आरएएमपी एवं ज़ेड नीति तथा जेम पोर्टल के प्रशिक्षक रवि वर्मा ने उद्यमियों को इन विषयों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। वॉलमार्ट से आए समीर मिस्त्री ने उद्यमियों को ई-कॉमर्स के माध्यम से व्यवसाय को ऑनलाइन जोड़ने हेतु वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम की जानकारी दी। वहीं तरुण शुक्ला ने न्यू लेबर कोड 2025 के प्रावधानों से सभी उद्यमियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेन्द्र जायसवाल ने किया तथा इकाई सचिव विजेन्द्र उपाध्याय ने आभार प्रदर्शन व्यक्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजय कारपेंटर, हरीश जैन, संकेत राय, अखिलेश तिवारी, भरत व्यास, पंकज चंद्रावत सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती रचना तलाटी, सचिव श्रीमती किन्शू गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंगी, श्रीमती सारिका मुकाती, श्रीमती मोनिका शर्मा, श्रीमती सारिका राय एवं अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे। यह कार्यशाला देवास जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई, जिसमें उद्यमियों ने न केवल नई जानकारियाँ प्राप्त कीं, बल्कि औद्योगिक कार्यप्रणाली के नवीनतम तरीकों को अपनाने की प्रेरणा भी ली।

## संस्था मानस द्वारा बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण



**देवास**। संस्था मानस द्वारा शुक्रवार को आईटीआई प्रांगण में जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क गर्म कपड़े, नए स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, पत्रकार खुमानसिंह बैस एवं मयूर व्यास उपस्थित थे। कार्यक्रम में सिंगिंग फार चेरिटी के कलाकारों द्वारा देश भक्ति के एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों ने संस्था अध्यक्ष हेमंत शर्मा एवं उनकी टीम के कार्यो की प्रशंसा करते हुए अनुकरणीय बताया। संस्था सचिव राजेश पटेल ने बताया कि संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, शिक्षण सामग्री, साइकिल, तथा अन्य जरूरतमंदों को कंबल आदि का वितरण किया जाता है। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आईटीआई प्रांगण में प्रतिदिन निशुल्क ट्यूशन एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, गौ सेवा के लिए कार्य किया जा रहा है, इस तरह के सेवाकार्य निरंतर चलते रहते है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सचिव राजेश पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. जुगलकिशोर राठौर, जगदीश परिहार, जगदीश सिरोलिया, रमेशचंद्र चौधरी, सुनील पाल, मंजु दांडे, सोनू दांडे आदि उपस्थित थे। आभार जगदीश परिहार ने माना।

## वरिष्ठ अधिवक्ता वर्मा के पुत्र का निधन



**देवास**। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा का 43 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उनका उपचार इंदौर के बांबे अस्पताल में चल रहा था। वे अपने पीछे माता-पिता व दो बच्चे छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार की अपरान्ह 4 बजे अग्रोहा नगर स्थित निज से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अभिभाषक, व्यापारी, पत्रकार सहित गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। स्थानीय मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में गोविंद यादव, अनिलराजसिंह सिकरवार, मनोज हेतावल, प्रदीप भार्गव, योगेंद्र भारती, न्यायाधीश युवराज सिंह, पियूष पांडे, भरत कनेल, अधिवक्ता राजेंद्र बापट, रघुवीर यार्दी, पद्माकर फडणीस, अशोक सोलंकी, पीयुष मुंगी सहित कैलाश डागा, प्रहलाद डागा, शरद अग्रवाल, मनीष सेन, जसवंत सिंह गंभीर, ईश्वर बैरागी, शिवा चौधरी, जितेंद्र गौड़, रघुवीर यार्दी, हेमंत शर्मा, महेश बोड़ाने, अशोक वर्मा, डॉ. योगेश वालिम्बे, अशोक सेन, चेतन राठौड़, रामप्रसाद सूर्यवंशी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अस्मिता रग्बी जोनल लीग में पदक विजेता बालिकाओं का सम्मान



**देवास**। खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी जोनल लीग अजमेर में पदक जीतकर देवास जिले का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों का शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में स्वागत सम्मान किया गया। समारोह में बालिका खिलाड़ियों के साथ उनके अभिभावकों भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपीएम एवं जिला खेल अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया रहे। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद धर्मेन्द्र सिंह बैस मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, अबरार एहमद शेख सचिव रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश, आशिष गुप्ता देवास जिला साइकिल संघ अध्यक्ष, अभय श्रीवास सचिव पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश, अमिताभ शुक्ला चीफ ब्यूरो, देवास खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जावेद पठान उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा सब-जूनियर में जसिका परमार (कप्तान) और अभेरी देशपांडे, सब जूनियर वर्ग टीम में खेलते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया, वहीं जूनियर टीम मै खिलाड़ी स्नेहा मैहर (कप्तान) तथा हरिप्रिया यादव (उपकप्तान), नितिका चावड़ा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह भदौरिया ने कहा कि देवास की ये बेटियाँ प्रदेश और देश दोनों स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल मंच पर जिले का मान बढ़ाएँगी।कार्यक्रम का संचालन संदीप जाधव ने किया। इस अवसर पर सुनील मालवीय, देवराज सांगते, भावना गुर्जर उपस्थित थे।

## वर्तमान समय में परिचय सम्मेलन की बहुत उपयोगिता एवं महत्व हैं : शर्मा



**देवास**। सर्व ब्राह्मण महासभा संघ जिला देवास के समस्त सदस्यों को उज्जैन एवं महु में होने वाले सर्व ब्राह्मण समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन का आमंत्रण सर्व ब्राह्मण महासभा संघ के जिला अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दिया गया। ब्राह्मण समाज उज्जैन से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पण्डित ईश्वरचन्द्र दुबे, सचिव पण्डित कृपाशंकर पाण्डेय, पण्डित मयंक शुक्ला एवं ब्राह्मण समाज महु से समाज के पदाधिकारी सर्व ब्राह्मण समाज के सचिव पण्डित संजय शर्मा, परिचय सम्मेलन समिति के सचिव पण्डित विवेक शर्मा, समिति के वरिष्ठ सदस्य पण्डित राजेश शर्मा, समिति उपाध्यक्ष पण्डित आशीष शर्मा, युवा मंडल के पण्डित अंकित शर्मा, पण्डित मनोज शर्मा ने पदाधिकारियों से भेंट कर परिचय सम्मेलन के फार्म देकर 11 जनवरी 2026 को होने वाले सम्मेलन की पूर्ण जानकारी दी एवं सभी आवश्यकताओं वाले युवक युवती एवं समाज बन्धुओं से सम्मेलन का लाभ लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा संघ जिला देवास के अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा, सचिव पण्डित देवकीनन्दन समाधियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पण्डित विक्रम शर्मा, उपाध्यक्ष पण्डित यशवंत तिवारी, उपाध्यक्ष पण्डित सुरेन्द्र दुबे , संयोजक पण्डित सुदामा शर्मा, संयोजक पण्डित अरविन्द शर्मा, युवा प्रतिनिधि पण्डित दीपक जोशी आदि सदस्यों ने अतिथियों का मोतियों की माला एवं दुप्पटा पहनाकर आत्मीय स्वागत सम्मान किया। साथ ही देवास के अविवाहित युवक युवती एवं उनके माता पिता से सम्मेलन में उपस्थित होकर लाभ लेने का अनुरोध किया है। सर्व ब्राह्मण महासभा संघ जिला देवास के अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा ने कहा की वर्तमान आपाधापी एवं व्यस्त समय में परिचय सम्मेलन की महती आवश्कता है इससे समय एवं धन कि बचत के साथ ही ब्राह्मण समाज के बन्धुओं को आपस में मिलने एवं सम्बंधों को प्रगाढ़ करने का अवसर मिलता हैं। सभी पात्र युवक युवती परिचय सम्मेलन का लाभ अवश्य लेवे।

## नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यादव का स्वागत



**भौरासा**। भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मिथुन यादव, को मनोनीत किया गया जिनका ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में आतिशबाजी कर, साफा बांधकर, पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, दिनेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व सेवा सहकारिता अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, कैलाश ठाकुर ,संदीप चावड़ा, प्रकाश मंत्री, महेश जायसवाल,मूलचंद उस्ताद,गणेश टेलर,देवी सिंह लोधी,अफजल मंसूरी, निसार मंसूरी, राजा खान, बच्चु भाई मैंव , अनिल जायसवाल, इलियास पठान, सोहेल चिश्ती, ब्रजमोहन राठौर, ग्रामीण से कांतिलाल यादव, पंडा जी सितखेडी, चरण सिंह, दीपक जाट, अमर सिंह यादव, राजेंद्र यशोना, धर्मेंद्र राजपूत, जितेंद्र भलाई, रविश गुर्जर,अर्जुन गुर्जर, सरदार भाई, दिनेश मालवीय, धर्मेंद्र यादव,मुन्नालाल यादव आदि ने नवागत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत किया।

## कड़कड़ाती ठंड में स्वेटर मिलते ही छात्रों के चेहरे खिले



**देवास**। शासकीय प्राथमिक विद्यालय इटावा में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी शीतकाल में कक्षा पहली में दर्ज 54 छात्रों को एवं कक्षा दूसरी से पांचवीं के नवप्रवेशी 16 छात्रों को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम तहसीलदार सपना शर्मा के मुख्य आतिथ्य, संकुल प्राचार्य अशोक साहू की अध्यक्षता एवं बीआरसीसी किशोर वर्मा, सन् फार्मास्युटिकल के सुमीत, डॉ. निसार शेख,एन.जी.ओ.के शैलेश श्रीवास्तव एवं जनशिक्षक आतिश कनासिया के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्वेटर विद्यालय के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सौजन्य से प्रदान की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया ,सरस्वती वंदना शिक्षिका लता मिश्रा ने की अतिथियों का शाल श्रीफल से स्वागत संस्था प्रधान रेखा शर्मा, ज्योति व्यास, पंकज शुक्ला, रेखा योगी द्वारा किया गया। तहसीलदार ने अपने संबोधन में छात्रों को अच्छे से पढ़ाई के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा मैंने स्वयं ने ग्राम के शासकीय प्राथमिक शाला से अध्ययन किया में कक्षा छठी में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर आगे की पढ़ाई कर आज इस मुकाम तक पहुंची हूं। जिन छात्रों ने नवोदय के फार्म भरें है वह खूब मेहनत करें। आपका भविष्य उज्जवल है। उपस्थित अन्य सभी छात्रों को मिठाई और नमकीन वितरण मुख्य अतिथि के सौजन्य से साथ ही शाला में इस अवसर पर सन् फार्मास्युटिकल कम्पनी को शाला में छात्रों के लिए फर्नीचर, शुद्ध पेयजल केलिए वाटर कुलर आर ओ सहित, स्मार्ट टीवी,खेल सामग्री प्रदान करने पर शाला द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन रेखा कुलकर्णी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन सेवा निवृत्त शिक्षक शिवेश शर्मा द्वारा किया गया। सेवा निवृत्त रुखसाना सिद्दीकी द्वारा राष्ट्गान एवं अंत में आभार कीर्ति कुंभकार ने माना।

## मां नर्मदा की परिक्रमा करने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं : ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी

**मां नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का मां चामुंडा सेवा समिति ने किया स्वागत**

**देवास**। मां चामुंडा सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी उम्मेद सिंह राठौड़, देवकुंर राठौड़,, मोहन सिंह लोवंशी, अन्नुबाई लोवंशी, ओमवती लोवंशी सहित लगभग 110 यात्रियों के साथ 5 से 19 दिसंबर तक 15 दिवसीय नर्मदा परिक्रमा यात्रा पर गए थे। 15 दिवसीय नर्मदा परिक्रमा यात्रा भागवत भूषण नारायण शास्त्री कांटाफोड़ वाले के सानिध्य में ओंकारेश्वर से शुरू होकर वापस ओंकारेश्वर में ही यात्रा का समापन हुआ। परिक्रमा यात्रा से लौटने पर मां चामुंडा सेवा समिति की ओर से संत पूर्णानंद जी महाराज ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी के सानिध्य में एवं समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में शाल श्रीफल पगड़ी, पुष्प मालाओं से समाजसेवी उम्मेद सिंह देव कुंवर राठौड़ के साथ नर्मदा परिक्रमा यात्रा पर गए यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बैंकनोट प्रेस के उप माप्रबंधक अभिराज सिंह मीनल ठाकुर थे। ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शास्त्रों के अनुसार नर्मदा परिक्रमा का बड़ा ही आध्यात्मिक महत्व है। मां नर्मदा की परिक्रमा के एक-एक पद चरण से हमारे जन्म-जन्मांतर के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। जब हम मां की परिक्रमा करते हैं उसका स्मरण शुद्ध चित्त से करते हुए एक-एक कदम आगे चरण बढ़ाते हैं। तो जाने अनजाने में किए गए जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। ओर हम निष्पाप हो जाते हैं। सभी दुखों से रहित हो जाते हैं। जीवन में एक आध्यात्मिक चेतना के साथ ही मन निर्मल हो जाता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, समाजसेवी नरेंद्र मिश्रा, प्रताप सिंह मेहता, नारायण व्यास, पंडित देवी शंकर तिवारी, दिनेश सांवलिया, इंदर सिंह गौड़, शशिकांत गुप्ता, प्रदीप लाठी, अवधेश तिवारी, अभिषेक अवस्थी, सुशील शिंदे, कैलाश परमार, मातृशक्ति प्रेमलता चौहान, मंजू जलोदिया, दुर्गा व्यास, सुधा सोलंकी, कला तंवर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर जलोदिया ने किया आभार सुरेंद्र सिंह राठौर ने माना।



## इनरव्हील क्लब ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

**महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार एवं महिला शोषण हेतु जागरूकता रैली निकाली**

**देवास**। इनर व्हील क्लब देवास 304 में अध्यक्ष मोनिका जैन के नेतृत्व में दो महत्वपूर्ण सेवा परियोजनाएँ सफलतापूर्वक संपन्न की गईं। पहली सेवा परियोजना द ,ओरेज वर्ल्ड के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार एवं महिला शोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नर्सिंग कॉलेज में शपथ कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई, जिसमें महिलाओं के हित में बनाए गए विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई एवं उनके अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में दूसरी सेवा परियोजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को शीतकाल से बचाव हेतु कंबल, स्वेटर एवं जैकेट का वितरण सभी बहनों की ओर से किया गया। यह वितरण जवाहर नगर से लेकर विकास नगर तक ब्रिज के नीचे रहने वाले लोगों को किया गया। साथ ही साईं मंदिर एवं खेड़ापति मंदिर के बाहर बैठे जरूरतमंदों को भी कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदान किए गए।

इन दोनों सेवा परियोजनाओं में निशा राठौर, मीना वर्मा, प्रीति यादव, नीला तिवारी, चंद्रकांता शर्मा, सरोज तिवारी एवं मेघा शर्मा, उषा जोशी, अपर्णा देशपांडे और श्वेता निगम व क्लब की सक्रिय बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इनर व्हील क्लब देवास 304 द्वारा किए गए ये सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले एवं प्रेरणादायक रहे।